# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा/3364
दिनांकः 23.01.2021

**अति आवश्यक**

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषय : विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली वार्षिक एवं सेमेस्टर प्रणाली के समस्त पाठ्यक्रमों की बैक पेपर परीक्षा–2020 हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर सी0सी0टी0वी (ओडियों सहित) की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय की **वार्षिक एवं सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत संचालित समस्त संस्थागत एवं व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों की केवल अन्तिम वर्ष की मुख्य बैक पेपर परीक्षा–2020 एवं केवल अन्तिम सम सेमेस्टर/स्पेशल सम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षा–2020** तथा **वैश्विक महामारी कोविड–19 के कारण अन्तिम वर्ष/अन्तिम सम सेमेस्टर की परीक्षा से वंचित (छूटे हुये) छात्र/छात्राओं की वंचित विषय/प्रश्नपत्र की परीक्षा–2020** की परीक्षाओं को सुचारू रूप से नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पूर्व में प्रदान किये गये दिशा–निर्देशों के अनुपालन में परीक्षाओं हेतु बनाये जाने वाले समस्त परीक्षा केन्द्रों के परीक्षा कक्षों में आगे एवं पीछे की ओर सी0सी0टी0वी0 (ओडियो सहित) लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, का संज्ञान लेने का कष्ट करें।

उक्त के सम्बन्ध में निदेशानुसार अवगत कराना है कि उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय की समस्त पाठ्यक्रमों की बैक पेपर परीक्षा–2020 को दृष्टिगत रखते हुये बनाये गये समस्त महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों में **अनिवार्य रूप से कक्ष के आगे व पीछे के भाग में दो कैमरों (ओडियो सहित)/डी0वी0आर0** की व्यवस्था अतिशीघ्र सुनिश्चित करते हुये विश्वविद्यालय के सी0सी0टी0वी0 नियंत्रण कक्ष को अवगत कराने का कष्ट करें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित कर लें कि कक्षों में लगाये गये कैमरें/डी0वी0आर0 भली–भाँति कार्य कर रहे हैं अथवा नहीं।

भवदीय

23/01

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति को मा0 प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
05. प्रभारी–सी0सी0टी0वी0 नियंत्रण कक्ष को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)